## भाटी जिलाध्यक्ष, सिंह सचिव मनोनीत

**बनेड़ा।** अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नव सृजित शाहपुरा जिले के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पद पर ललित भाटी (डाबला) को मनोनीत किया है। वही आनंदपाल अपघात सेवा समिति भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष हरी किशन सिंह कानावत को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया है।


**RANJAN POLYSTERS LIMITED**

Regd. Office: 11-12th K.M Stone, Chittorgarh Road, Guwardi, Bhilwara- 311001 (Rajasthan).
Email: ranjanpoly@gmail.com, Website: www.ranjanpolysters.com
CIN: L24302RJ1990PLC005560, Tel No.- 01482-297132,299395

**UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER ENDED 30TH JUNE, 2023**

(Rs. in Lacs, except as stated)

| Sl. No. | Particulars | Quarter Ended Unaudited 30.06.2023 | Quarter Ended Unaudited 30.06.2022 | Year Ended Audited 31.03.2023 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Total Income from Operations (Net) | 2427.82 | 2029.64 | 8433.65 |
| 2. | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 183.38 | 70.30 | 398.93 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 183.38 | 70.30 | 398.93 |
| 4. | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 124.75 | 43.62 | 284.19 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit / (Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax)] | 123.93 | 43.29 | 280.90 |
| 6. | Equity Share Capital (Face Value Rs. 10/- each) | 300.09 | 300.09 | 300.09 |
| 7. | Reserve excluding Revaluation Reserve as per balance sheet of previous accounting year. | | | 1051.97 |
| 8. | Earning Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations)- 1.Basic 2. Diluted | 4.16 4.16 | 1.45 1.45 | 9.47 9.47 |

Notes:- 1. The above results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their respective meeting held on 11th August,2023. **2.** The above is an extract of the detailed format of Quarterly Financial Results filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly/ Half Yearly ended Financial Results is available on the Stock Exchange website: www.msei.inand on the company's website, www.ranjanpolysters.com.

By the order of the Board
sd/-
Mahesh Kumar Bhimsariya
Managing Director
DIN No. 00131930

Date: 11.08.2023
Place: Bhilwara


## सांड ने किया एक व्यक्ति को घायल

**बनेड़ा।** कस्बे में आवारा गायों एवं साडों के सड़कों पर विचरण करते एवं सड़कों पर बैठे रहने से आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। कस्बे में पुरानी सब्जी मंडी में एक आवारा सांड ने लादू लाल बैरवा को घायल कर दिया। लोगों ने प्रशासन से आवारा गायों एवं सांडों को गौशाला में भिजवाने की मांग की है।


### नाम परिवर्तन

मेरी पुत्री संगीता कुमारी धोबी कक्षा 10 की नियमित छात्रा है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम संगीता धोबी अंकित है। जबकि विद्यालय रेकार्ड में मेरी पुत्री का नाम संगीता कुमारी धोबी अंकित है। भविष्य में मेरी पुत्री को संगीता धोबी के नाम से ही जाना-पहचाना जावे। किशोर धोबी, निवासी-चामुण्डा माता मंदिर के पीछे, माली मोहल्ला, पुर, भीलवाड़ा


## विहिप का दीपोत्सव 14 को

**बनेड़ा।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा अखंड भारत दिवस के उपलक्ष में 14 अगस्त को सांय 7 बजे पुराना बस स्टैंड पर स्थित सत्यनारायण भगवान के मंदिर के प्रांगण में अखंड भारत दिवस के उपलक्ष में अखंड भारत के मानचित्र पर दीपोत्सव, पुष्प वर्षा एवं आतिशबाजी का कार्यक्रम आयोजित होगा।


### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सिद्धि विनायक हॉस्पीटल भीलवाड़ा द्वारा दिनांक 01 जनवरी 2011 से 31 दिसंबर 2012 तक के इंडोर दस्तावेज रिकॉर्ड जो आम आदमी द्वारा चिकित्सारत समस्त दस्तावेज रेकार्ड है, जिसे नियमानुसार नष्ट किया जाएगा। इस सम्बंध में अगर कोई भी मरीज, पक्षकार उपचाररत रहे समय के दस्तावेज रेकॉर्ड की प्रति चाहते है तो वह नियमानुसार अंदर अवधि 15 दिवस में आवेदन कर नकल प्राप्त कर ले अन्यथा उक्त रेकॉर्ड नष्ट किये जाने उपरान्त किसी प्रकार का कोई उजर, एतराज कानूनन अवैध होकर मान्य नहीं होगा। इससे पूर्व दिनांक 19 मई 2005 से 31 दिसम्बर 2010 तक के दस्तावेज नष्ट किये जा चुके है।

दिनांक : 12.08.2023

प्रबंधक
श्री सिद्धि विनायक हॉस्पीटल
कोटा रोड, तिलकनगर, भीलवाड़ा (राज.)


## राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरण सप्ताह का शुभारंभ



**बिजयनगर।** शनि मंदिर के सामने स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विद्यालय में राष्ट्रीय स्वाभिमान जागरण सप्ताह का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा एवं गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत प्रधानाचार्य डॉ. कुंज लता सारस्वत एवं कार्यक्रम अधिकारी कल्पना सिंह के निर्देशन में वृहद पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखने और हरित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाना है। इस अवसर पर 75 पौधों का पौधारोपण स्वयं सेविकाओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ कुंज लता सारस्वत जी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी कल्पना सिंह एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा ।कार्यक्रम के अंत में प्रभारी कल्पना सिंह ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया ।

## बरगद के 11 पौधे लगा कर की वृक्षारोपण की शुरूआत



**बिजयनगर।** निकटवर्ती ग्राम कुम्हारिया में बड़ के तालाब शिवसागर पर बरगद के 11 पौधे लगा कर ग्रामीणों ने वृक्षारोपण की शुरुआत की । ग्रामवासी अभिषेक पारीक ने बताया कि गांव में विभिन्न स्थानों पर कई सेकड़ो पौधे लगाए जाने है।ग्राम में स्थित शिवसागर तालाब की पाल पर पहले कई बरगद के पेड़ होने के चलते बड़ का तालाब के नाम से जाना जाता था जहां कालांतर में कई बरगद सूख कर नष्ट हो गए।ग्रामीणों की पहल पर पुनः बरगद के 11पौधे लगाए गए। इस दौरान ओमप्रकाश वैष्णव,दामोदर जांगिड़, पीरू योगी,जगदीश मेघवंशी,रामकरण मावता,गोविंद भड़क,रामचन्द्र मावता,जयदेव प्रजापत,निलेश शर्मा,नारायण योगी सहित ग्रामीण मौजूद रहे।


# कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी भीलवाड़ा (राज.)

क्रमांक 2023-24/आषा/ 6632 दिनांक : 11.08.2023

## विज्ञप्ति

श्रीमान् शासन सचिव ,चिकित्सा एवं स्वा.एवं प.क.एंव मिशन निदेशक एनएचएम जयुपर के परिपत्र एफ21(153)/एनएचएम/आशा/आईएचएमएस/दिशानिर्देश/2022–23/186 दिनांक 13.07.2022 की अनुपालना मे जिले में निम्नांकित आंगनबाडी केन्द्रो/वार्डो/ग्राम पंचायत में आशा के स्वैच्छिक मानदेय सेवा के रिक्त पदो हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है।

| क.स. | कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी ईमेल आई.डी. | आशा पद हेतु रिक्त आंगनबाडी केन्द्र का नाम, |
|---|---|---|
| 1 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी आसीन्द ईमेल–bpmu_asind@yahoo.com | **नगर पालिका क्षैत्र आसीन्द**– वार्ड न0 9(आसीन्द केन्द्र न.2) ,बराणा (भाटीखेडा) |
| 2 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी गुलाबपुरा ईमेल–bpmu_asind@yahoo.com | आंगनबाडी केन्द्र खेजडी–1, टोकरवाड–1 |
| 3 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोटडी ईमेल–bpmu_kotri@yahoo.com | बूंती ,कल्याणपुरा ,संग्रामपुरा |
| 4 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी जहाजपुर ईमेल–bpmu_jahazpur@yahoo.com | **नगर पालिका क्षैत्र जहाजपुर** – वार्ड नम्बर–10, वार्ड नम्बर–20,वार्ड नम्बर–23,कुचलवाडा कलां |
| 5 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मांडल ईमेल–bpmu_mandal@yahoo.com | आंगनबाडी केन्द्र मांडल रेगर मोहल्ला–3,बलाईखेडा ,लिरडिया ,खुमानपुरा, बागजणा,किडीमाल–1 ओटा का बाडिया खेडीमाता, चिताम्बा–2,करेडा–1 |
| 6 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी मांडलगढ मोबाईल ईमेल–bpmu_mandalgarh@yahoo.com | आंगनबाडी केन्द्र सालमपुरा, धाकडखेडी |
| 7 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायपुर ईमेल–bpmu_raipur@yahoo.com | आंगनबाडी केन्द्र मोखुन्दा–1 |
| 8 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहाडा ईमेल– bpmu_gangapur@yahoo.com | आंगनबाडी केन्द्र रामदेवनगर भूणास |
| 9 | ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुवाणा ईमेल– bpmu_hamirgarh@yahoo.com | **नगर परिषद भीलवाडा** – जवाहरनगर–2,वार्ड नम्बर–70 ,संजय कोलोनी–1,वार्ड नम्बर–48 ,अम्बेडकर बस्ती वार्ड नम्बर–24 ,दादाबाडी–3,वार्ड नम्बर–52 ,प्रेमनगर, वार्ड नम्बर–54 ,वार्ड नम्बर–66 ,रामनगर वार्ड नम्बर–69 |
| | | **नगर पालिका क्षैत्र हमीरगढ**–हमीरगढ–2 (वार्ड नम्बर–16) मंगरोप–1, पीपली–1, आमलीगढ,गुदली, |

- आवेदन पत्र ग्रामीण व शहरी (नगर निगम/नगर परिषद/नगर पलिका जो भी लागू हो) हेतु कमशः ग्रामीण क्षेत्र हेतु संबंधित कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी व
भीलवाडा शहरी क्षैत्र के वार्ड के रिक्त पदो के लिए आवेदन पत्र कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरगढ मुख्यालय सुवाणा को व्यक्तिशः **दिनांक 10.09.2023** तक जमा किये जा सकेगे।
- आवेदन पत्र की हार्ड कोपी मय संलग्न दस्तावेजो के कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी व **भीलवाड़ा शहरी क्षैत्र के वार्ड** के रिक्त पदो के लिए आवेदन पत्र **कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी हमीरगढ़ मुख्यालय सुवाणा** में व्यक्तिशः/रजि. डाक द्वारा निर्धारित **दिनांक 10.09.2023** तक 5 बजे तक जमा कराये जा सकेगे।
- विज्ञप्ति के संबंध में आंगनबाडी केन्द्रवार/ग्राम पंचायत/वार्डवार रिक्त पदो तथा पात्रता व अन्य जानकारी (पत्रांक 186 दिनांक 13.7.22 के अनुसार) आदि संबंधी विस्तृत जानकारी संबंधित ब्लॉक अथवा अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी
भीलवाड़ा


## बूथ, शक्ति केंद्र की नियमित बैठकों का होगा आयोजन-मूंदड़ा



**भीलवाड़ा।** विधानसभा की बूथ विजय संकल्प बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित हुई जिसमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा डॉ अल्का मूंदड़ा ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव तक नियमित रूप से बूथ एवं शक्ति केंद्रों की बैठक आयोजित होती रहेगी भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाडा ने आगामी विधानसभा चुनाव में सभी एकजुट रहकर बुथ को मजबूत करें इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा डॉ अल्का मुन्दडा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा भीलवाड़ा विधायक विठ्ठल शंकर अवस्थी , सभापति राकेश पाठक ,उपसभापति रामलाल योगी ,विधानसभा भीलवाड़ा संयोजक अनिल जैन, भीलवाड़ा विधानसभा विस्तारक प्रिंस शर्मा चित्तौड़गढ़, मंडल अध्यक्ष मनीष पालीवाल, घनश्याम सिघीवाल, पियूष डाड अनिल सिंह जादौन मंचासीन थे बैठक का संचालन छैल बिहारी जोशी ने किया सभी को बुथ विजय के लिए संकल्प दिलाया गया एवं कहां की बुथ जीता चुनाव जीता, मेरा बुथ सबसे मजबूत के नारे लगाए इस अवसर पर आईटी संयोजक अजीत सिंह केसावत, मंडल पदाधिकारी ,शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी बूथ अध्यक्ष बी एल ए 2 उपस्थित थे।

## मांगों को लेकर आशा सहयोगिनियों ने सौंपा ज्ञापन



**भीलवाड़ा।** भामस से संबंधित आशा सहयोगिन कर्मचारी संघ द्वारा मांगो को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ की महामंत्री सीता सोनी ने बताया कि स्थाई करने, ग्रेच्युटी, पेंशन का लाभ दिलाने, 18000 रू. न्यूनतम वेतन करने की मांग को लेकर हर ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन संरक्षक एवम् वरिष्ठ भामस नेता प्रभाष चौधरी ने कहा कि सरकार आशा बहनों से 64 तरह के काम ले रही है, कोविड महामारी में घर-घर गांव-गांव ढाणी-ढाणी गुम कर इन बहनों ने राज्य की जनता को बचाया। सरकार ने इसके बावजूद भी इनको इनका हक देने के बदले दुनिया भर के काम इन पर थोप दिये, केन्द्र एवं राज्य सरकार ने इन्हें जो निर्धारित 5 काम दे रखा है, उसके बदले इनको मात्र 4098/- रू. मासिक भुगतान दिया जा रहा है। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में भामस के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह राठौड़, राजेन्द्र सिंह, आशा कर्मचारी संघ जिला महामंत्री सीता सोनी, शीला सेन, छोटी जीनगर, मन्जू सुवालका, चन्द्रकान्ता तेली, शीला वैष्णव, सुमित्रा शर्मा, शबनम, पूजा, सूरज शर्मा, मन्जू बोरदिया आदि उपस्थित रहे।